कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 480/शैक्षिक/2025 दिनांक : अगस्त 14,2025

-:कार्यालय ज्ञापः-

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025-26 में **परास्नातक पाठ्यक्रम** की समस्त विधा में नवप्रवेशित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटित हो गया है **ऐसे समस्त छात्र-छात्राएँ दिनांक अगस्त 18, 2025 (सोमवार) को अपने-अपने हॉस्टल में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साथ ही, जिन्हे हॉस्टल आवंटन हेतु प्रतिभाग करना है ऐसे समस्त छात्र-छात्राएँ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय से सम्पर्क करने का कष्ट करें।**

उक्त के क्रम में नवप्रवेशित समस्त छात्र-छात्राएँ **दिनांक अगस्त 19, 2025 (मंगलवार) से अपने-अपने विभाग में पठन-पाठन सुनिश्चित करें एवं जिन्होनें अभी तक विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है, वह दिनांक अगस्त 17, 2025 तक ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चत करें।**

14/08/2025

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्षों को इस आशय के साथ प्रेषित है कि नवप्रवेशित छात्रों हेतु ससमय पठन-पाठन सुनिश्चत करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप